हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 10 फरवरी 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 23.2 डिग्री
न्यूनतम 11.2 डिग्री

4
एनएसएस शिविर की गतिविधियों की ग्रामवासियों ने की सराहना



## खबर संक्षेप

### प्रभावित परिजन हेतु 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। कांसाबेल तहसील अंतर्गत ग्राम मुसकुटी, झलेरबहार निवासी स्व. जोनाथन लकड़ा का नाला के पानी में डूबने से 09 अगस्त 2025 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके पत्नी मरिया असुन्ता लकड़ा हेतु 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### जिला स्तरीय शिक्षक प्रीमियर लीग का समापन



**कांसाबेल।** जिला स्तरीय शिक्षक प्रीमियर लीग सीजन–2 (टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता) का भव्य समापन समारोह उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय सालिक साय, जिला पंचायत अध्यक्ष जशपुर एवं विशिष्ट अतिथि सुनील गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा जशपुर उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में जिले भर के शिक्षकों की टीमों ने शानदार खेल भावना और उत्साह का प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बीईओ पत्थलगांव की टीम ने प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान, तृतीय स्थान पत्थलगांव ने प्राप्त किया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं शिक्षकों के बीच आपसी सहयोग, सौहार्द और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को मजबूत करती हैं। इस जिला स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के संयोजक प्रेम शंकर यादव एवं अनिल यादव रहे। आयोजन समिति के सदस्यगण भूपेंद्र खुटिया, खेमसागर यादव, प्रवीण टोप्पो, एडिशन कुजूर, गुल सागर पैंकरा, विनु पैंकरा, गौरी पैंकरा, योगेश जंघेल, संजय कुमार, राजनाथ साय, श्रीकांत सोनवानी सहित अन्य समस्त सदस्यों का आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया।

### कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजन की समस्याएं



**जशपुरनगर।** कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने आज जिला कार्यालय में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में आम नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं, मांगें एवं सुझाव सुने। जनदर्शन के दौरान प्राप्त आवेदनों का उन्होंने गंभीरतापूर्वक अवलोकन करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का समय-सीमा के भीतर पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री व्यास ने अधिकारियों से कहा कि आवेदकों को उनके आवेदन पर की गई कार्यवाही की जानकारी समय पर उपलब्ध कराई जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

## सब्जी बनाने को लेकर हुआ विवाद बना कत्ल की वजह

# गर्भवती पत्नी की हत्या कर दो साल की बच्ची को लेकर भागा हत्यारा पति

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- वारदात से दहला नारायणपुर इलाका, आरोपी गिरफ्तार

नारायणपुर थाना क्षेत्र में एक मामूली घरेलू विवाद ने भयावह रूप ले लिया। सब्जी पकाने की बात पर पति ने अपनी छह माह की गर्भवती पत्नी को डंडे से पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। वारदात के बाद आरोपी अपनी दो साल की मासूम बच्ची को लेकर फरार हो गया, लेकिन पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे धर दबोचा। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

जेठू विश्वकर्मा ने पुलिस को सूचना दी कि उसकी बेटी कमला विश्वकर्मा आरोपी स्वदेश उर्फ सुदेश राम कोरवा उम्र 27 वर्ष के साथ रहती थी। दोनों के बीच प्रेम संबंध के बाद वे साथ रहने लगे थे। उनकी एक दो वर्षीय बेटी है और कमला छह माह की गर्भवती थी। करीब एक सप्ताह पहले आरोपी अपनी पत्नी और बच्ची को लेकर ग्राम ढोठीपहरी, कुरूम ढोढा स्थित अपने



नाना के घर गया था। 6 फरवरी 2026 की शाम लगभग 7:30 बजे पति-पत्नी के बीच सब्जी बनाने को लेकर विवाद हुआ। गुस्से में आरोपी ने पास रखा लकड़ी का डंडा उठाया और कमला के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। गंभीर चोट लगने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी अपनी दो साल की बच्ची को लेकर भाग निकला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, मर्ग कायम कर शव पंचनामा किया गया। फॉरेंसिक टीम और दंडाधिकारी की मौजूदगी में जांच हुई। पोस्टमार्टम की शॉर्ट रिपोर्ट में मौत का कारण मारपीट से आई हत्यात्मक चोट बताया गया। इसके आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने घेराबंदी करते हुए आरोपी को उसके गृह ग्राम ढोढ़ीबहार, चौकी दोकड़ा से हिरासत में ले लिया। पूछताछ में उसने जुर्म कबूल कर लिया। उसके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त लकड़ी का डंडा भी बरामद कर लिया गया। इस कार्रवाई में थाना नारायणपुर के पुलिस अधिकारियों और जवानों ने त्वरित दबिश देकर आरोपी को पकड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समय रहते गिरफ्तारी से क्षेत्र में आक्रोश की स्थिति को भी नियंत्रित किया जा सका।

### विवेचना जारी

डीआईजी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिंह ने बताया कि पत्नी की हत्या कर फरार आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है। पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। मामले की विवेचना जारी है।

# ईब नदी में रेत चोरी पर सख्त कार्रवाई

- 960 घनमीटर अवैध रेत जब्त, खनिज नियमों के तहत प्रकरण दर्ज

**जशपुरनगर।** जिले में खनिज रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम के लिए कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार सतत निगरानी एवं कार्रवाई की जा रही है।

सहायक खनि अधिकारी जशपुर ने बताया कि ईब नदी में रेत चोरी और अवैध खदान के संबंध में प्राप्त शिकायत की जांच 09 फरवरी 2026 को की गई। जांच के दौरान ईब नदी से अवैध रूप से रेत निकालकर भण्डारित की गई कुल 960 घनमीटर रेत को अभय कन्स्ट्रक्शन, जशपुर से जप्त किया गया। इस मामले में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। खनिज अधिकारी ने स्पष्ट किया कि वैध एवं पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु फरसाबहार क्षेत्र में दाईजबहार एवं खारीबहार रेत खदान घोषित कर उनके ऑनलाइन आबंटन की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। ताकि निर्माण कार्यों के लिए वैध रूप से रेत की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। खनिज अधिकारी ने बताया कि भविष्य में भी जिले के समस्त क्षेत्रों में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण से संबंधित मामलों की नियमित ⏭ शेष पेज 4 पर

# छात्राओं को साइबर ठगी व बाल विवाह पर किया अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- चाइल्ड हेल्पलाइन एवं आईसीपीएस की टीम पहुंची गर्ल्स कॉलेज

बदलते दौर में बढ़ते साइबर अपराध, महिला सुरक्षा से जुड़े खतरे और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता को मजबूत करने के उद्देश्य से चाइल्ड हेल्पलाइन और आईसीपीएस की संयुक्त टीम ने शहर के राजा विजय भूषण सिंह देव गर्ल्स कॉलेज में दमदार जागरूकता शिविर आयोजित किया।

कार्यक्रम कलेक्टर रोहित व्यास और महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय



शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शिविर में छात्राओं को बताया गया कि आज सबसे बड़ा खतरा मोबाइल स्क्रीन के पीछे छिपा है। फर्जी कॉल, लॉटरी, केवाईसी अपडेट, बैंक खाते बंद होने का डर दिखाकर ओटीपी मांगने जैसे तरीके ठगों के हथियार हैं। टीम ने साफ कहा ओटीपी, एटीएम डिटेल और पासवर्ड किसी भी हालत में साझा न करें। संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें और तुरंत शिकायत दर्ज कराएं।

कार्यक्रम में महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनी अधिकार, हेल्पलाइन सेवाएं और त्वरित सहायता की प्रक्रिया विस्तार से समझाई गई। छात्राओं को बताया गया कि किसी भी प्रकार की हिंसा, छेड़छाड़, दबाव या ऑनलाइन उत्पीड़न की स्थिति में चुप न रहें, बल्कि तुरंत सूचना दें। जागरूकता से ही अपराध पर रोक संभव है। टीम ने बाल विवाह और बाल श्रम को लेकर सरकार के सख्त रुख से अवगत कराया। नाबालिगों के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है। छात्राओं से अपील की गई कि यदि आसपास इस तरह की कोई जानकारी मिले तो उसे छिपाएं नहीं।शिविर का सबसे प्रभावी हिस्सा संवाद रहा। छात्राओं ने खुलकर प्रश्न पूछे सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी से परेशान करने से लेकर पारिवारिक दबाव तक। विशेषज्ञों ने हर सवाल का व्यवहारिक समाधान बताया। इस दौरान परियोजना समन्वयक अंजना देवी, अंजना मिश्रा, दीपक सिदार और ⏭ शेष पेज 4 पर

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह समारोह आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- वशिष्ठ कम्यूनिटी हॉल में 50 जोड़े बंधेंगे परिणय सूत्र में
- सुबह 11:30 बजे मिलेगा मुख्यमंत्री का वर्चुअल आशीर्वाद

जरूरतमंद परिवारों के लिए राहत और बेटियों के सम्मान का प्रतीक मुख्यमंत्री कन्या विवाह समारोह का आयोजन आज, 10 फरवरी मंगलवार को शहर के वशिष्ठ कम्यूनिटी हॉल में होगा। सामूहिक विवाह के इस भव्य आयोजन में 50 जोड़े एक साथ सात फेरे लेकर नए जीवन की शुरुआत करेंगे। कार्यक्रम की खास बात यह रहेगी कि सुबह 11:30 बजे मुख्यमंत्री वर्चुअल माध्यम से नवदम्पतियों को आशीर्वाद देंगे।

समारोह को लेकर जिला प्रशासन और आयोजन समिति ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। विवाह मंडप, पूजन सामग्री, पंडित, वर-वधू के बैठने की व्यवस्था से लेकर परिजनों के लिए भोजन तक की समुचित व्यवस्था की गई है। आयोजन स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है, जिससे यह पल सभी के लिए यादगार बन सके।सामूहिक विवाह योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहयोग देने के साथ ही सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है। एक ही मंच पर परंपरागत रीति-रिवाजों से विवाह होने से अनावश्यक खर्च पर रोक लगती है और समाज को सादगी का संदेश मिलता है।वर्चुअल आशीर्वाद के दौरान सभी नवविवाहित जोड़े एक साथ उपस्थित रहेंगे। इसके लिए तकनीकी व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की गई हैं। जनप्रतिनिधियों और नागरिकों की मौजूदगी में विवाह की रस्में सम्पन्न होंगी।

### बेटियों को सम्मान के साथ नया जीवन शुरू करने का अवसर

जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय शर्मा ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पंजीकृत सभी जोड़ों के लिए आवश्यक सामग्री, प्रमाणपत्र और सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह योजना जरूरतमंद परिवारों के लिए बड़ी मदद है और इससे बेटियों को सम्मान के साथ नया जीवन शुरू करने का अवसर मिलता है।

# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यों में ढिलाई बर्दाश्त नहीं



**जशपुरनगर।** निर्माण और संधारण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही पर सख्त रुख अपनाते हुए गुणवत्ता नियंत्रक हरिओम शर्मा ने साफ शब्दों में कहा है कि सड़क की गुणवत्ता से समझौता करने वालों पर अनुबंधानुसार कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने विकासखण्डों में चल रहे सड़कों के संधारण कार्यों का औचक निरीक्षण कर मौके पर ही जिम्मेदार अधिकारियों व ठेकेदारों को फटकार लगाई। निरीक्षण के दौरान कई मार्गों पर बीटी सतह में दरारें, झाड़ियों की पर्याप्त सफाई नहीं होना, रोड पेंटिंग और साइन एज की कमी जैसी खामियां पाई गईं। इस पर संबंधित अभियंताओं को शो-कॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही स्पष्ट कर दिया गया कि 10 दिनों के भीतर कमियां दूर नहीं हुईं तो संधारण अवधि 6 माह बढ़ाने सहित अनुबंध की शर्तों के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। मुख्य अभियंता ने उपस्थित अमले को दो टूक कहा कि संधारण कार्य निर्धारित मापदंडों और गुणवत्ता के अनुरूप ही होने चाहिए। कहीं भी ढिलाई मिली तो जिम्मेदारी तय होगी।

### दुलदुला क्षेत्र का भी लिया जायजा

इसी क्रम में दुलदुला विकासखण्ड के जामपानी से पुलपुला मार्ग का भी निरीक्षण किया गया। यहां बीटी रोड की स्थिति संतोषजनक मिली, लेकिन शोल्डर में बेहतर रोलिंग, जल निकासी और पुल-पुलियों के पास सुरक्षा उपाय मजबूत करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों से कहा गया कि आवागमन प्रभावित न हो, यह सर्वोच्च प्राथमिकता रहे।

### शासन का स्पष्ट संदेश

राज्य शासन पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि निर्माण कार्यों में अनियमितता या गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर संबंधितों के खिलाफ कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। इसी के तहत लगातार मॉनिटरिंग और फील्ड विजिट बढ़ाए गए हैं।

### इनकी रही मौजूदगी

निरीक्षण के दौरान अम्बिकापुर संभाग के अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उप अभियंता सहित संबंधित ठेकेदार मौजूद रहे।

## 56 भोग और मटका फोड़ लीला बनी आकर्षण का केंद्र

# भागवत कथा के पांचवें दिन भक्ति में डूबा जशपुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- भव्य झांकियों ने रासलीला से पूर्व रचा अलौकिक वातावरण

शहर के श्रीहरि कीर्तन भवन में चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का पांचवा दिन रविवार को भक्ति, उल्लास और आनंद के अद्भुत एवं अलौकिक रस डूबा हुआ देखने को मिला। कथा स्थल भक्तिरस से सराबोर रहा, जहां भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन, भव्य झांकियां और संगीतमय भजनों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

पांचवें दिन की कथा के जजमान महेंद्र अग्रवाल एवं उनकी धर्मपत्नी लक्ष्मी अग्रवाल रहे। विधिवत पूजन-अर्चना के साथ कथा का शुभारंभ हुआ। वृंदावन से पधारे कथावाचक करुणा शंकर महाराज ने श्रीमद भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का सुंदर एवं रसपूर्ण वर्णन किया। कथा को रासलीला के पूर्व प्रसंग तक सुनाया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा के दौरान मटका फोड़ लीला का आयोजन भी संपन्न हुआ, जिसमें बच्चों और श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं को जीवंत कर दिया और पूरा पंडाल जयकारों से गूंज उठा। झांकी का प्रदर्शन अत्यंत प्रभावशाली रहा, जिसे श्रद्धालुओं ने खूब सराहा। कथा के समापन के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया, जिसे आयोजन समिति के सदस्यों एवं स्वयंसेवकों ने सेवा भाव के साथ संपन्न कराया।



### भक्तिभाव में डूबे श्रद्धालु

पांचवें दिन भगवान श्रीकृष्ण को 56 भोग अर्पित किए गए। विशेष बात यह रही कि श्रद्धालु अपने-अपने घरों से विविध प्रकार की मिठाइयाँ, पकवान और प्रसाद बनाकर लड्डू गोपाल के लिए लेकर पहुंचे। 56 भोग से सजा भगवान का दरबार देखने लायक रहा और पूरे पंडाल में भक्तिभाव का माहौल बना रहा।

### भजनों पर झूमे भक्त

कथा के दौरान "युग-युग जिए रे लाल, मैया यशोदा के लाल", "नंद के आनंद भयो", "छोटी-छोटी गैया, छोटे-छोटे ग्वाल" सहित अनेक संगीतमय भजनों पर श्रद्धालु देर तक झूमते नजर आए। महिलाओं, युवाओं और बच्चों की सहभागिता विशेष रूप से देखने को मिली।

### झांकी रही आकर्षण

कथा के पांचवें दिन की झांकी कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही। वृंदावन से पधारे आचार्य कौशल महाराज के मार्गदर्शन में बच्चों द्वारा तैयार की गई झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। भागवत कथा में जिस-जिस प्रसंग का पाठ चलता है, उसी के अनुरूप झांकी तैयार कर उसका सजीव प्रदर्शन करने की कला दर्शकों को अत्यंत भावुक कर गई। सुंदर सजावट, भावपूर्ण प्रस्तुति और बाल कलाकारों की सहज अभिव्यक्ति झांकी की विशेष पहचान रही।



## खबर संक्षेप



### गोपाल ने बॉडी बिल्डिंग में जीता गोल्ड

**अम्बिकापुर**। शहर के गंगापुर तुलसी चौक निवासी बॉडी बिल्डर गोपाल सिंह ने भिलाई में आयोजित बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता है। इसके पूर्व गोपाल सिंह ने रायपुर में वर्ष 2022 में आयोजित प्रतियोगिता में ब्रांज मेडल वर्ष 2023 में राजनांदगांव में आयोजित प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल एवं हाल ही में दल्ली राजहरा में आयोजित ऑल इंडिया ओपन बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई थी।

### कोइड़ा में अफीम माफिया पर कार्रवाई

**राउरकेला**। अवैध मादक पदार्थों की खेती और तस्करी के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए कोइड़ा पुलिस एवं आबकारी विभाग ने संयुक्त अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। कुसुमडिही क्षेत्र में सरकारी भूमि पर की जा रही लगभग 9 एकड़ क्षेत्रफल में फैली अफीम की अवैध खेती को नष्ट किया गया, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत करीब 60 लाख रुपए आंकी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अधिकारियों को गुप्त सूचना मिली थी कि कुसुमडिही क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अफीम की खेती की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर छापेमारी कर पूरी फसल को उखाड़कर नष्ट कर दिया। इस कार्रवाई से अवैध मादक पदार्थों के उत्पादन और संभावित तस्करी पर बड़ा अंकुश लगाया गया है। अफीम की खेती में संलिप्त दो व्यक्तियों को पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था। हालांकि शाम के समय मेडिकल जांच के लिए ले जाते दौरान एक आरोपी पुलिस हिरासत से फरार हो गया।

### पाम तेल में आत्मनिर्भर बनेगा केन्दुझर

**केन्दुझर**। केन्दुझर जिले में कॉफी और चाय की खेती के बाद अब पाम पाम ऑयल की खेती को लेकर प्रयोग शुरू किया गया है। जिले की जलवायु में पाम की खेती किस प्रकार सफल हो सकती है और इससे किसानों को कैसे लाभ मिल सकता है, इसे ध्यान में रखते हुए उद्यानिकी विभाग द्वारा पिछले दो वर्षों से योजना पर काम किया जा रहा है। जिले में पहली बार वर्ष 2024-25 के वित्तीय वर्ष में इसके लिए तैयारी शुरू की गई थी। कुल 200 हेक्टेयर भूमि में पाम पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया थाए लेकिन केवल 16.4 हेक्टेयर भूमि में ही खेती हो सकी। वर्ष 2025-26 में 400 हेक्टेयर भूमि में पाम खेती का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, हालांकि अब तक केवल 54.5 हेक्टेयर क्षेत्र में ही खेती हो पाई है। सबसे अधिक चंपुआ ब्लॉक में 17.2 हेक्टेयर भूमि पर 18 किसानों द्वारा तथा बांसपाल ब्लॉक में 12 किसानों द्वारा 12.5 हेक्टेयर भूमि में पाम पौधे लगाए गए हैं। इसके अलावा आनंदपुर ब्लॉक में 4.6 हेक्टेयर, केन्दुझर सदर ब्लॉक में 1 हेक्टेयर, पटना ब्लॉक में 1 हेक्टेयर, साहारपड़ा ब्लॉक में 4.2 हेक्टेयर, हरिचंदनपुर ब्लॉक में 2.4 हेक्टेयर, घटगांव ब्लॉक में 0.4 हेक्टेयर, तेलकोई ब्लॉक में 1 हेक्टेयर, घसिपुरा ब्लॉक में 2.4 हेक्टेयर, हाटडीही ब्लॉक में 0.4 हेक्टेयर, जोड़ा ब्लॉक में 1.2 हेक्टेयर तथा झुम्पुरा ब्लॉक में 4 हेक्टेयर भूमि में पाम की खेती की गई है।

### समस्याओं को लेकर सीएमओ से मिले वार्डवासी

**अकलतरा**। नगर के वार्ड नंबर 12 के विकास कार्यों के लेकर वार्ड पार्षद एवं सभापति के नेतृत्व में पूर्व एल्डर मेन व वार्ड वासियों के प्रतिनिधि मंडल ने सीएमओ से मिलकर वार्ड के कार्यों को तत्काल प्रारम्भ कराए जाने की मांग की।
पुरुषोत्तम नामदेव ने बताया कि बहुत पहले से बने होने के वज़ह से वार्ड के बहुत से रोड जर्जर हो चुके है। नालियां टूट चुकी है। पाइपलाइन में लीकेज है। गन्दा पानी आ जाता है। पार्षद बनने के तत्काल बाद मेरे द्वारा इन मांगों को लेकर नगर पालिका में लिखित में आवेदन किया जा चुका है पर आज दिनांक तक उक्त मांगो पर कार्य प्रारंभ नही कराए जा सके है।

## आवारा कुत्तों के झुंड बच्चों को कर रहे लहू-लुहान

# अहाता विहीन शालाओं में आवारा मवेशियों के जमावड़े से बच्चों की सुरक्षा बनी बड़ी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

अहाता विहीन शालाओं में आवारा कुत्तों सहित अन्य मवेशियों का जमावड़ा बच्चों की सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। आवारा मवेशियों से आए दिन बच्चों के घायल होने की घटनाएं सामने आने के बावजूद इस संबंध में न तो विद्यालय प्रबंधन द्वारा कोई पहल की गई न ही विभाग द्वारा ही इसकी रोकथाम के लिए कोई उपाय किया जा रहा है।

- विभाग एवं स्कूल प्रबंधन नहीं कर रहा कारगर उपाय

अहाता के अभाव में शासकीय स्कूल आवारा कुत्तों के साथ ही अन्य मवेशियों को आश्रय स्थल बन गए हैं। ऐसी शालाओं में पूरी रात आवारा मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है दिन में भी मवेशी पेड़ की छांव में बैठे रहते हैं। सुबह स्कूल शुरू होते ही आवारा कुत्ते मंडराने लगते हैं तथा दोपहर में मध्याह्न भोजन के दौरान आवारा कुत्तों के अलग-अलग झुंड बच्चों को मध्याह्न भोजन करते देख पहुंच जाते हैं। स्कूल परिसर में बच्चों द्वारा इधर-उधर फेंके मध्याह्न भोजन का जुठा खाने आवारा कुत्तों के झुण्ड बच्चों व शिक्षकों पर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर देते हैं इस तरह की घटनाएं सामने आने के बावजूद न तो विभाग द्वारा ही कोई कारगर पहल की गई न ही स्कूल प्रबंधन ही कोई उपाय कर पाया है। विभाग हर साल शासन को अहाता विहीन स्कूलों की सूची भेजता है लेकिन अत्यधिक खर्च आने के कारण गिने-चुने स्कूलों में ही अहाता निर्माण की स्वीकृति मिल पाती है। सुरक्षा के लिए विद्यालयों में कोई अन्य व्यवस्था नहीं होने के कारण पढ़ाई-लिखाई सहित अन्य सारी व्यवस्थाएं शिक्षकों को सौंपी गई है। शिक्षकों का कहना है कि दोपहर में मध्याह्न भोजन की छुट्टी होने के दौरान आवारा कुत्तों एवं अन्य मवेशियों के कई झुंड पहुंच जाते हैं। आवारा कुत्ते आक्रामक होकर बच्चों व शिक्षकों पर हमला कर देते हैं। ऐसे में शिक्षक बच्चों को पढाएं कि आवारा कुत्तों एवं अन्य मवेशियों की चौकीदारी करें। उच्च न्यायालय के सख्त निर्देश के बाद जिला शिक्षा अधिकारियों ने बीईओ एवं प्राधानाचार्यों को अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था करने संबंधी पत्र लिखकर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर ली है।



**कुत्तों ने शिक्षिका सहित 4 बच्चों को किया था घायल**

एक पखवाड़े पूर्व सूरजपुर जिलान्तर्गत ग्राम पंचायत बसदेयी स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी हायर सेकेण्डरी स्कूल में आवारा कुत्तों ने एक शिक्षिका सहित चार स्कूली बच्चों पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। स्कूल के दो बच्चों को वाशरूम जाने के दौरान आवारा कुत्तों ने उनपर हमला कर दिया। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर शिक्षिका गायत्री सोनी पहुंची तो कुत्तों ने उन्हें भी लहुलुहान कर दिया। शिक्षकों द्वारा खदेड़ने के बाद कुते बगल के मिडिल स्कूल में पहुंच गए तथा दो बच्चों को काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां उन्हें एंटी रेबीज इंजेक्शन लगाया गया। एक महीने पूर्व विकासखण्ड मैनपाट अंतर्गत प्राथमिक शाला में आवारा कुत्ते ने तीन बच्चों को काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। अन्य स्कूलों में आवारा कुत्तों के काटने एवं आवारा मवेशियों द्वारा हमला करने की कई घटनाएं हो चुकी हैं।

### 1045 शालाएं अहाताविहीन

सरगुजा में कुल 2055 शासकीय शालाएं संचालित हैं जिनमें 1330 प्राथमिक, 565 पूर्व माध्यमिक, 87 हाई स्कूल एवं 73 हायर सेकेण्डरी स्कूल शामिल हैं। इन शालाओं में से आधे से अधिक आहाता विहीन हैं। सरगुजा के 723 प्राथमिक, 269 पूर्व माध्यमिक, 35 हाई स्कूल एवं 18 हायर सेकेण्डरी स्कूलों में अब तक अहाता का निर्माण नहीं हो सका है। संभाग मुख्यालय में भी कई शासकीय स्कूलों में अहाता का निर्माण नहीं हो सका है। नगरीय क्षेत्र के स्कूलों में आवारा कुत्तों एवं अन्य मवेशियों के जमावड़ा होने की समस्या अधिक है।

### अतिरिक्त सुरक्षा के दिए गए है निर्देश

अहाता विहीन शालाओं की सूची हर साल शासन को भेजी जाती है। अधिक व्यय आने के कारण सभी शालाओं में अहाता निर्माण संभव नहीं है। शासन द्वारा इस संबंध में लगातार पहल की जा रही है। जिला शिक्षा अधिकारियों ने बीईओ एवं संस्था प्रमुखों को अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करने पत्र लिखा है।

-संजय गुप्ता
संयुक्त संचालक शिक्षा



## सार्वजनिक करमा प्रतियोगिता हमारी संस्कृति की जीवंत पहचान: राजवाड़े

**भैयाथान**। ग्राम पंचायत बड़सरा में आयोजित सार्वजनिक करमा प्रतियोगिता का शुभारंभ विधिवत करम डार की पूजा-अर्चना के साथ किया गया।

सरगुजा अंचल की लोक संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से सरस्वती करमा दल झेंझरीपारा के नेतृत्व तथा ग्राम वासियों के सहयोग से भव्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ठाकुर प्रसाद राजवाड़े ने कहा कि करमा हमारी मिट्टी, हमारी पहचान और हमारी आस्था का प्रतीक है। जब तक लोक संस्कृति जीवित है, तब तक समाज की आत्मा जीवित रहती है। करमा जैसे आयोजन नई पीढ़ी को संस्कार, एकता और परंपरा से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखने के लिए ऐसे आयोजनों को निरंतर प्रोत्साहन दिया जाना आवश्यक है। जिला पंचायत सदस्य अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि लोकनृत्य और लोकगीत किसी समाज की आत्मा होते हैं। जब गांव-गांव में करमा जैसे आयोजन होते हैं, तब हमारी संस्कृति केवल मंच तक सीमित नहीं रहती, बल्कि लोगों के दिलों में जीवित रहती है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक आयोजनों से सामाजिक समरसता बढ़ती है और युवाओं को सकारात्मक दिशा मिलती है। प्रतियोगिता में विभिन्न ग्राम पंचायत से आए करमा दलों ने मनमोहक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता में कुल 17 करमा दलों ने भाग लिया। प्रथम सती करमा दल गंगोटी को नगद 10 हजार, द्वितीय स्थान लोक निरंजन करमा दल अर्जुनपुर को नगद 6 हजार एवं तृतीय स्थान जय मां महामाया करमा दल चैनपुर 4 हजार रुपए नगद देकर सम्मानित किया गया। साथ सभी प्रतिभागी करमा दलों को सांत्वना राशि प्रदान की गई। इस दौरान जगनारायण सिंह, सुनील साहू, सोनू जायसवाल, रामाशंकर यादव, रामू गोस्वामी, विनय जायसवाल, रमेश यादव, राजू गुप्ता, इंद्रावती राजवाड़े, विजय जायसवाल, संदीप कुशवाहा, मनीष यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

- लोक परंपराओं के संरक्षण से ही मजबूत होगा समाज

# इग्नू के माध्यम से एक साथ दूसरी डिग्री भी हासिल कर सकता है छात्रः डॉ. राजेंद्र

**अम्बिकापुर**। सरगुजा के दूरस्थ क्षेत्र में उन लोगों के लिए शिक्षा की नई संभावनाएं खुल रही हैं, जो समय पर नियमित पढ़ाई नहीं कर पाए। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू ने सरगुजा क्षेत्र में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और घर बैठे पढ़ाई की सुविधा को लेकर विशेष फोकस किया है। सरगुजा में इग्नू का अध्ययन व परीक्षा केंद्र केआर टेक्निकल कॉलेज है। इसे लेकर इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. गौडा राजेंद्र ने महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

डॉ. राजेंद्र ने बताया कि इग्नू के माध्यम से वर्तमान में कुल 333 कोर्स संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर, पीजी डिप्लोमा सहित ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह के पाठ्यक्रम शामिल हैं। इनमें ज्योतिष, भगवद गीता जैसे पारंपरिक विषयों के साथ-साथ आधुनिक और रोजगारोन्मुखी कोर्स भी उपलब्ध हैं। आने वाले छह महीनों के भीतर इग्नू में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित टेक्नोलॉजी से जुड़े कोर्स भी शुरू किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि देश में लगभग 33 लाख विद्यार्थी इग्नू से अध्ययन कर रहे हैं, लेकिन सरगुजा संभाग में अभी भी इग्नू को लेकर जागरूकता नहीं है। इसी को ध्यान में लेकर यहां विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। डॉ. राजेंद्र ने बताया कि इग्नू की सबसे बड़ी खासियत यह है कि छात्र किसी भी अन्य महाविद्यालय से पढ़ाई करते हुए इग्नू के माध्यम से एक साथ दूसरी डिग्री भी हासिल कर सकते हैं। पीजीडीसीजे, साइबर लॉ, दो वर्षीय मास कम्युनिकेशन जैसे कोर्स युवाओं के लिए विशेष रूप से उपयोगी हैं। इन सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए कोई आयु सीमा नहीं है, जिससे किसी भी उम्र के लोग शिक्षा से जुड़ सकते हैं। इग्नू में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री सीधे उनके घर तक पहुंचाई जाती है। छात्रों को केवल परीक्षा के समय ही परीक्षा केंद्र में उपस्थित होना होता है। इसके अलावा एसटी-एससी वर्ग के ऐसे विद्यार्थी जिनकी वार्षिक आय ढाई लाख रुपये से कम है, उन्हें बीए, बीएससी और बीकॉम में प्रवेश पर 50 प्रतिशत शुल्क में छूट दी जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि जेल में बंद कैदियों के लिए इग्नू द्वारा पूरी तरह निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था की गई है, जिसमें परीक्षा केंद्र भी जेल परिसर के भीतर ही होता है। इस दौरान डॉ. रीनू जैन, राहुल जैन, रितेश वर्मा, कांत दुबे मौजूद थे।




### श्रमिक नेता सुरेन्द्र को राष्ट्रीय महामंत्री का पद

**बिश्रामपुर**। उड़ीसा के पूरी में भारतीय मजदूर संघ के त्रिवार्षिक अधिवेशन में कोयलांचल बिश्रामपुर के श्रमिक नेता कोल इंडिया के जेबीसीसीआई सदस्य सुरेन्द्र कुमार पांडेय को बीएमएस के अखिल भारतीय महामंत्री का दायित्व सौंपा गया है, गौरतलब है कि सुरेन्द्र पांडेय वर्तमान में सेंट्रल एडवाइजरी कॉन्ट्रेक्ट लेबर बोर्ड के चेयरमैन के अतिरिक्त कोल इंडिया के जेबीसीसीआई सदस्य और बीएमएस के उपमहामंत्री का दायित्व संभाल रहे हैं । उनकी नियुक्ति से समर्थकों में हर्ष व्याप्त है।



## मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के प्रयासों से सड़क परियोजना को मिली 28.19 करोड़ रुपए की स्वीकृति

**अम्बिकापुर**। महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के सतत प्रयासों से भटगांव विधानसभा क्षेत्र को सड़क विकास की एक बड़ी सौगात मिली है। राज्य शासन द्वारा बीरपुर 12 मील हनुमान मंदिर सिलफिली से कालीघाट महावीरपुर तक राष्ट्रीय राजमार्ग–43 के डामरीकरण कार्य के लिए 28.19 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।



मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के नेतृत्व में क्षेत्र की आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। इस परियोजना के माध्यम से लंबे समय से जर्जर सड़क की समस्या का समाधान होगा तथा आमजन को सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक आवागमन की सुविधा मिलेगी। इस सड़क विकास कार्य से भटगांव विधानसभा सहित आसपास के क्षेत्रों में व्यापार, परिवहन और स्थानीय रोजगार के अवसरों को नई गति मिलेगी। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि सुशासन सरकार की प्राथमिकता जन सुविधाओं का विस्तार और संतुलित विकास है। भटगांव विधानसभा के विकास के लिए सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में निरंतर प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।

## गुदरी गली से आवागमन बंद, लोगों को करना पड़ रहा लंबा सफर

**अम्बिकापुर**। गुदरी गली में बेसमेंट पार्किंग के लिए खोदे गए खतरनाक गड्ढे के कारण तीन मंजिला मकान के झुकने पर प्रशासन ने मार्ग से आवागमन बंद करा दिया है। खतरे को देखते हुए मार्ग के दोनों ओर अवरोधक लगाया गया है जिससे लोगों को लम्बा सफर तय करना पड़ रहा है।



गुदरी गली में बेसमेंट पार्किंग के लिए लम्बे समय से खुदाई की जा रही थी। इस दौरान निर्धारित मानकों की अवहेलना कर पड़ोस के तीन मंजिले मकान की नींव तक गहरा गड्ढा खोदने के कारण मकान झुक गया है तथा उसके गिरने का खतरा बढ़ गया है। ननि प्रशासन द्वारा बेसमेंट पार्किंग निर्माता को पड़ोस के भवन की सुरक्षा के लिए आवश्यक उपाय करने के निर्देश दिए हैं तथा सुरक्षा की दृष्टि से मार्ग के दोनों ओर अवरोधक लगाकर आवागमन बंद कर दिया गया है। इसी मार्ग से बड़ी संख्या में लोग गुदरी बाजार सहित अन्य वार्डों तक आवागमन करते हैं। मार्ग बाधित होने के कारण लोगों को अब दूसरे मार्गों से आना-जाना पड़ रहा है। इस मार्ग में कई दुकानें भी हैं। आवागमन बंद होने से इन दुकानों के व्यवसाय पर भी विपरीत प्रभाव पड़ा है।

## खाताधारक ने डाककर्मी पर लगाया भुगतान में गड़बड़ी का आरोप, थाने में ज्ञापन सौंप की कार्रवाई की मांग

**सीतापुर**। नगर में स्थित डाकघर में खाताधारक के साथ भुगतान की राशि में गड़बड़ी का मामला प्रकाश में आया है। खाताधारक ने डाकघर के कर्मचारी पर भुगतान में हेराफेरी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि भुगतान के दौरान डाककर्मी द्वारा नोटों की जो गड्डी दी गई थी उसमें से एक गड्डी में नोट कम थे। इस संबंध में खाताधारक द्वारा डाककर्मी के विरुद्ध थाने में ज्ञापन सौंप जांच एवं कार्रवाई की मांग की गई है। खाताधारक द्वारा डाककर्मी के ऊपर भुगतान में गड़बड़ी का आरोप लगाए जाने के बाद डाक विभाग की विश्वसनीयता संदेह के घेरे में आ गई है।

प्राप्त जानकारी अनुसार नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 14 निवासी कृष्णा गुप्ता विगत कई सालों से बचत खाता के माध्यम से नगर के डाकघर में पैसा जमा करते चले आ रहे थे। जमा अवधि पूरी होने के बाद वे खाते में जमा राशि 6 लाख 29 हजार रुपए निकालने डाकघर गए हुए थे। वहां उन्होंने पदस्थ डाककर्मी से उक्त 6 लाख 29 हजार राशि अपने दूसरे बचत खाते में जमा करने का अनुरोध किया। खाताधारक कृष्णा गुप्ता ने इतनी मोटी रकम साथ ले जाने में असमर्थता जताते हुए उसे डाकघर में संचालित अपने दूसरे बचत खाते में जमा करने को कहा। जिसे डाककर्मी ने खारिज करते हुए कहा कि राशि जमा करने के बजाए नगद दिया जाएगा। खाताधारक के बार बार कहने के बाद भी वो उनकी बात नही माना और अंदर से नोटों की गड्डी लाकर बिना गिने ही खाताधारक को पकड़ा दिया। जिसे लेकर खाताधारक अपने घर पहुंचा और नोटों की मिलान करने लगा। इसी दौरान उन्हें 5 सौ की एक गड्डी पर पेन से 90 लिखा नजर आया जिसे गिनने पर उसमें 5 हजार रुपये कम पाए गए। इस बारे में उन्होंने तत्काल डाककर्मी से संपर्क साधा और 5 सौ के नोट की एक गड्डी में 5 हजार रुपये कम होने की बात कह उससे पैसे मांगे। जिसे सुन डाककर्मी भड़क गया और पैसा न देने की बात कह उल्टा खाताधारक को धमकाने लगा। इस संबंध में पीड़ित कृष्णा गुप्ता का कहना है कि उन्होंने नोटों की गड्डी से कोई छेड़छाड़ नही की है। डाककर्मी ने बिना गिने नोटों का बंडल मुझे पकड़ाया और मैं भरोसा करके उसे घर ले आया। घर लाने के बाद जब नोटों की गिनती की गई तब 5 सौ रुपए की गड्डी से की गई नोटों की हेराफेरी सामने आया। उन्होंने डाककर्मी पर नोट की गड्डी में हेराफेरी का आरोप लगाते हुए थाने में ज्ञापन सौंप कार्यवाही की मांग की है। खाताधारक के साथ भुगतान में हुई गड़बड़ी से डाककर्मी समेत डाक विभाग की विश्वसनीयता भी संदेह के घेरे में आ गई है।

इस संबंध में थाना प्रभारी अखिलेश सिंह ने बताया कि पीड़ित पक्ष का आवेदन आया है।इसकी जांच कराते हुए उचित कार्रवाई की जाएगी।

## लैलूंगा में गौवंश की तस्करी करते तीन आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़**। तीन पशु तस्करों को रंगेहाथ पकड़ा गया है। कार्रवाई के दौरान आरोपियों के कब्जे से 08 नग गौवंश को सुरक्षित मुक्त कराया गया है, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 80 हजार रुपए है। शनिवार को लैलूंगा पुलिस को सूचना मिली कि तीन लोग कुंजारा क्षेत्र से गौवंशों को पैदल, मारते पीटते और बिना चारा.पानी के क्रूरतापूर्वक हांकते हुए ओड़िशा सा की ओर ले जा रहे हैं।

थाना प्रभारी लैलूंगा उप निरीक्षक गिरधारी साव ने तत्काल कार्रवाई करते हुए हमराह स्टाफ के साथ लैलूंगा अटल चौक के पास घेराबंदी की। कुछ ही देर में पुलिस टीम ने मुख्य मार्ग पर तीन लोगों को 8 नग गौवंशों के साथ पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम मायाराम नागवंशी पिता बघेलराम नागवंशी 45, सोहन यादव पिता ईश्वर यादव 47 तथा विद्याधर नागवंशी पिता जितेन्द्र राम 36 सभी निवासी थाना बागबहार जिला जशपुर बताया। आरोपी कोई भी वैध कागजात पेश नहीं कर सके। थाना प्रभारी गिरधारी साव द्वारा गौवंशों के लिए तत्काल पानी और चारे की व्यवस्था कर उन्हें सुरक्षित रूप से सलखिया गौशाला में रखने की व्यवस्था की गई।

# शिक्षा मंडल का बढ़ा परीक्षा शुल्क छात्र विरोधी निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

युवा कांग्रेस छत्तीसगढ़ आरटीआई के चेयरमैन हिमांशु जायसवाल ने कहा परीक्षा एवं प्रवेश समिति छत्तीसगढ़ की बैठक में निर्णय लिया गया है। जिसमें पंजीयन व अनुमति शुल्क में इजाफा छत्तीसगढ़ राज्य के स्वाध्यायी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति छात्रों के लिए पंजीयन एवं अनुमति शुल्क में ढाई गुना वृद्धि की गई है।

पहले जहां शुल्क 560 रुपए थे अब 800 रुपये देने होंगे। वहीं राज्य से बाहर के स्वाध्यायी छात्रों के लिए यह राशि और अधिक बढ़ा दी गई है। पहले कुल राशि 1540 रुपए थी जो अब बढ़कर 2000 रुपए हो गई है। इसके अतिरिक्त अतिरिक्त विषय (द्वितीय मुख्य/अवसर परीक्षा) के शुल्क में भी वृद्धि की गई है। एक विषय के लिए शुल्क 280 रुपए से बढ़ाकर 400 रुपए, दो विषय के लिए 340 से बढ़ाकर 600 रुपए कर दिया गया है। 10वीं और 12वीं की परीक्षा के लिए नियमित शुल्क, अंकसूची तथा प्रति विषय प्रायोगिक शुल्क मिलाकर पहले 460 रुपए लिए जाते थे, जो अब बढ़कर 800 रुपए हो गए हैं। वहीं आवेदन पत्र शुल्क पहले 70 रुपए था जिसे बढ़ाकर 80 रुपए कर दिया गया है। यदि नियत समय पर आवेदन नहीं किया गया तो विलंब शुल्क सहित 2000 रुपए तक देने होंगे। पहले यह राशि 1540 रुपए थी। हिमांशु जायसवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ माशिमं द्वारा हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा शुल्क में की गई भारी वृद्धि छात्र विरोधी और गरीब विरोधी फैसला है। इस निर्णय से प्रदेश के लाखों विद्यार्थियों, विशेषकर गरीब, पिछड़े, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्रों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। युवा कांग्रेस छत्तीसगढ़ का स्पष्ट मानना है कि शिक्षा कोई व्यापार नहीं, बल्कि हर नागरिक का मौलिक अधिकार है। परीक्षा शुल्क, पंजीयन शुल्क और अतिरिक्त विषय शुल्क में इस तरह की बढ़ोतरी सीधे-सीधे मेहनतकश परिवारों के बच्चों का भविष्य प्रभावित करेगी। प्रदेश में पहले से ही बेरोजगारी और महंगाई चरम पर है। ऐसे समय में सरकार द्वारा शिक्षा को और महंगा बनाना यह दर्शाता है कि सरकार की प्राथमिकताओं में छात्र और युवा नहीं हैं।



हमारी मांग है कि परीक्षा शुल्क एवं पंजीयन शुल्क में की गई वृद्धि को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए। गरीब, एससी-एसटी एवं मध्यम वर्गीय छात्रों को पूर्ण राहत दी जाए। शिक्षा को सुलभ और सस्ती बनाने के लिए सरकार ठोस नीति बनाए। यदि सरकार ने जल्द ही यह निर्णय वापस नहीं लिया, तो युवा कांग्रेस प्रदेशभर में छात्र-हित में आंदोलन करने को बाध्य होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी

### छेड़छाड़ मामले में एक गिरफ्तार पॉक्सो एक्ट का मामला दर्ज

**रायगढ़**। महिला थाना ने एक बालिका से छेड़छाड़ के गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए सिरफिरे युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले को लेकर 06 फरवरी की रात्रि बालिका के पिता द्वारा महिला थाना में लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। प्रार्थी ने बताया कि 06 फरवरी की शाम वह अपनी पत्नी के साथ नटवर स्कूल में प्रवचन सुनने गया था और घर में बच्चे मौजूद थे। रात्रि करीब 10 बजे जब वे घर लौटे तो पुत्री ने बताया कि उनकी अनुपस्थिति में दिलसाय चौहान छत के ऊपर बने गेट से घर के भीतर घुस आया और उसके साथ छेड़छाड़ की। साथ ही आरोपी ने घटना की जानकारी किसी को देने पर जान से मारने और मारपीट करने की धमकी भी दी।

## मनरेगा बचाव को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने किया विरोध प्रदर्शन




**भैयाथान**। ग्रामीण अंचल के गरीब, किसान और मजदूरों की आय का मजबूत आधार मनरेगा योजना रही है, जिसे कांग्रेस सरकार ने रोजगार की गारंटी के लिए लागू किया था। आज भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा जैसी जनहितकारी योजना को कमजोर किया जा रहा है, बजट घटाया जा रहा है और काम सीमित किए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीण मजदूरों के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। इन्हीं मुद्दों को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष श्रीमती विद्यात्रि सिंह देव के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया। ग्रामीणों को बताया गया कि कांग्रेस सरकार द्वारा आपके रोजगार और सम्मान के लिए शुरू की गई योजनाओं के नाम बदलकर उनके उद्देश्यों को शिथिल किया जा रहा है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य अखिलेश प्रताप सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी अजय प्रताप सिंह, नूर आलम, लखन, शांतनु सिंह, आशीष सिंह, विनय पावले, सुनील नाविक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने मनरेगा को मजबूत करने की मांग की।



# सिद्धांत ने मृणाल पर बरसाए फूल

**मुंबई।** मृणाल इन दिनों अपनी आगामी रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'दो दीवाने सहर में'के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस फिल्म में उनके साथ सिद्धांत चतुर्वेदी लीड रोल में दिखाई देंगे। मृणाल और सिद्धांत अपनी मूवी के प्रमोशन के लिए मुंबई में एक इवेंट में पहुंचे थे। इस बीच सिद्धांत ने एक नहीं, दो बार मृणाल पर फूलों की बारिश की। एक बार तब, जब वे इवेंट के दौरान फैंस से बातचीत कर रहीं थीं और दूसरी बार स्टेज पर। अब इसका वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। फैंस इस वीडियो पर खूब प्यार बरसा रहे हैं। इन दिनों अभिनेत्री मृणाल ठाकुर अपनी फिल्मों से लेकर पर्सनल लाइफ तक को लेकर लगातार चर्चाओं में बनी हुई हैं। पिछले कुछ वक्त से उनका नाम अभिनेता धनुष के साथ जोड़ा जा रहा था। यही नहीं यहां तक कहा जा रहा था कि मृणाल और धनुष वैलेंटाइन डे के मौके पर 14 फरवरी को शादी करने वाले हैं।

## लाइफ Style

# नोरा

## परफॉर्म करने के बाद मनाया जन्मदिन



नोरा फतेही ने पहले परफॉर्म किया है। इसके बाद उन्होंने अपना जन्मदिन मनाया है। इसका वीडियो उन्होंने शेयर किया है। वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने एक पोस्ट लिखी है।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अभिनेत्री और डांसर नोरा फतेही ने शनिवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में टी20 वर्ल्ड कप की ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म किया। इसके बाद उन्होंने अपने करीबी लोगों के साथ अपना जन्मदिन मनाया। नोरा फतेही ने इंस्टाग्राम पर इसका वीडियो शेयर किया है और एक पोस्ट लिखी है। नोरा फतेही ने इंस्टाग्राम पर जो वीडियो शेयर किया है, उसमें देखा जा सकता है कि उन्होंने 'एक तो कम जिंदगानी', 'गर्मी', 'स्नेक' और 'वन्दे मातरम्' गाने पर शानदार परफॉर्म किया है। उन्होंने सबसे आखिर में एक वीडियो शेयर किया जिसमें देखा जा सकता है कि वह परफॉर्म करके वापस आईं। उनके साथियों और करीबियों ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने लोगों का शुक्रिया अदा किया, केक पर लगी मोमबत्ती बुझाई और कई लोगों को हग किया। परफॉर्मेंस और जन्मदिन मनाने का वीडियो शेयर करते हुए नोरा फतेही ने लिखा 'टी20 वर्ल्डकप की ओपनिंग सेरेमनी और मेरे जन्मदिन का सेलेब्रेशन, वाह। मैं खुशनसीब हूं। जय हिंद।' 6 जनवरी 1992 को जन्मीं नोरा फतेही मोरक्को मूल की भारतीय अभिनेत्री और डांसर हैं। वह बॉलीवुड की फिल्म 'रोर' 'स्ट्रीट डांसर 3डी' और 'बी हैप्पी' जैसी फिल्मों में नजर आई हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# 59 साल की उम्र में करेंगी चौथी शादी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की पॉपुलर एक्ट्रेस हैली बेरी जल्द ही शादी कर सकती हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी सगाई की बात को कंफर्म किया। हाल ही में 'द टुनाइट शो स्टारिंग जिमी फॉलन' में हैली बेरी ने बताया कि वह वैन हंट संग शादी करेंगी। लेकिन यह शादी कब होगी इस बारे में उन्होंने कहा, 'जब वैन ने मुझसे शादी के लिए पूछा तो मैंने हां कर दी। लेकिन अभी हमारे पास शादी की तारीख को लेकर कोई अपडेट नहीं है। लेकिन मैं उनसे शादी जरूर करूंगी।' यह सुनकर शो में बैठे हुए हैली बेरी के फैंस काफी खुश हुए।



# एआई का जादू! टाइटैनिक में ऐश्वर्या-राजेश बने जैक एंड रोज़

**मुंबई।** आजकल एआई हर फील्ड में एंट्री मार चुका है और लोग इसका भरपूर इस्तेमाल भी कर रहे हैं। एआई की मदद से अब न सिर्फ अतीत को भी देखा जा सकता है, बल्कि इससे अब फिल्में भी बनाई जाने लगी हैं। हालांकि, एआई का दुरुपयोग भी खूब हो रहा है, पर कई बार इसकी मदद से बनी कई ऐसी चीजें सामने आ जाती हैं, जो हैरान कर देती हैं। जैसे कि 'टाइटैनिक' का ये वीडियो, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अगर 'टाइटैनिक' बॉलीवुड में बनती और इसे ऐश्वर्या राय और राजेश खन्ना के साथ बनाया जाता, तो फिल्म कैसी होती, यह एआई की मदद से दिखाया गया है। एआई की मदद से इस वीडियो में यह दिखाने की कोशिश की गई है कि अगर 'टाइटैनिक' में ऐश्वर्या राय, रोज़ का किरदार निभातीं और राजेश खन्ना, जैक का किरदार, तो फिर वो कैसे लगते।



# कलाकार को काम के घंटे तय करने का हक हो

**मुंबई।** अदिति राव हैदरी फिल्मों में अलग-अलग जॉनर के किरदार निभाती हैं। सोशल इश्यूज पर बनी फिल्में भी उन्होंने की हैं। असल जिंदगी में भी वह कई मुद्दों पर अपनी बात रखती हैं। हाल ही में उन्होंने इंडस्ट्री में लंबे काम के घंटों पर अपना नजरिया बताया है। अदिति राव हैदरी कहती हैं, 'मुझे लगता है कि यह हर व्यक्ति की अपनी पसंद है। अगर कोई कलाकार तय घंटे तक काम करना चाहता है, तो यह उसका पूरा हक है। अगर कोई अलग तरह से काम करना चाहता है, तो वह भी उसकी अपनी पसंद है।'वह आगे कहती हैं, 'फिलहाल मैं अपनी जिंदगी और अपने करियर के उस दौर में हूं, जहां जरूरत से ज्यादा घंटे काम कर रही हूं। लेकिन कुछ दिन ऐसे होते हैं, जब सच में महसूस होता है कि एक्टर से अच्छा काम लेने के लिए उसको रिलैक्स रखना जरूरी होता है।




# ओ रोमियो का गाना पान की दुकान रिलीज

**मुंबई।** शाहिद कपूर की फिल्म 'ओ रोमियो' की रिलीज पर रोक नहीं लगी है और ये 13 फरवरी को ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इससे पहले, इसका गाना 'पान की दुकान' खूब धूम मचा रहा है। इसमें शाहिद कपूर और दिशा पाटनी हैं और उनकी केमेस्ट्री भी जबरदस्त है। शुक्रवार को मुंबई में अपनी आगामी फिल्म 'ओ रोमियो' के गाने 'पान की दुकान' के लॉन्च के दौरान शाहिद कपूर को अचानक फैंस की भीड़ का सामना करना पड़ा। एक्टर ने कुछ लोगों को मंच पर आने के लिए इनवाइट किया था। देखते ही देखते, कई और लोग ऊपर चढ़ गए और उनके चारों ओर जमा हो गए। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें अलग किया। वे कुछ देर के लिए मंच से हट गए, फिर वापस आकर कार्यक्रम में शामिल हुए। यह घटना तब घटी जब शाहिद तृप्ति डिमरी के साथ फिल्म का प्रचार कर रहे थे।

## टीवी मसाला



# चंद्रिका ने वैलेंटाइन डे से पहले मिस्ट्री मैन को किया प्रपोज

**नई दिल्ली।** चंद्रिका दीक्षित लोगों के बीच सस्पेंस बढ़ाती ही जा रही हैं। उन्होंने अपने मिस्ट्री मैन के साथ एक वीडियो बनाया था और कहा था कि वह 8 फरवरी को बताएंगी वह शख्स कौन है। उसका नाम-पता क्या है। लेकिन, इस बार भी उन्होंने लोगों को चूरन थमा दिया। हालांकि ,जो लेस्टेस्ट रील पोस्ट की है, उसमें उन्होंने उस आदमी को थ्री-मैजिकल वर्ड 'आई लव यू' कह दिया है। साथ ही कैप्शन में भी प्यार उड़ेला है।चंद्रिका दीक्षित 2 फरवरी से ही लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींच रही हैं। दिल्ली में वड़ा पाव बेचकर सुर्खियों में आईं और फिर 'बिग बॉस ओटीटी 3' का हिस्सा बनीं। और लंबे वक्त बाद अपने पति पर धोखा देने का आरोप लगाकर वह चर्चा का विषय बन गई हैं। उन्होंने मिस्ट्री मैन को प्रपोज कर दिया है, जो अब सरदार जी के लुक में दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में चंद्रिका कहती हैं, 'तुम गलत थे कि मुझे कभी प्यार नहीं हो सकता।' मिस्ट्री मैन ने पूछा, 'तुझे किससे प्यार हो गया?' वड़ा पाव गर्ल ने जवाब दिया, 'तुमसे।' इसके बाद वह पूछते हैं, 'सच्ची?' तो वड़ा पाव गर्ल कहती हैं, 'आई लव यू।' फिर दोनों एक-दूसरे को अपनी बाहों में भर लेते हैं। इस पर लोगों ने तरह-तरह के रिएक्शन्स दिए हैं। एक ने लिखा, 'ये मिस्ट्री मैन कभी सिख कभी मुसलमान बन जाता है।' ए ने लिखा, 'अनफॉलो करो और सब इसको मास रिपोर्ट करो।'

## कृतिका बनने जा रही हैं गौरव की दूसरी दुल्हनिया

**नई दिल्ली।** 'कितनी मोहब्बत है' फेम कृतिका कामरा फाइनली शादी करने जा रहा हीं। उन्होंने गौरव कपूर के साथ अपने रिश्ते के बारे में पिछले साल ही बताया था। और अब खबर है कि ये दोनों फेरे वाले हैं। वह



अपने रिश्ते को एक अगले लेवल पर ले जाने के लिए तैयार हैं और शायद मार्च, 2026 में पति-पत्नी बन जाएंगे। हालांकि अभी कपल की तरफ से पुष्टि नहीं की गई है। 'कृतिका और गौरव साथ में खुश हैं और अच्छी लाइफ बिता रहे हैं। और वह अब अपने रिश्ते को नेक्स्ट लेवल पर ले जाने के लिए एक्साइटेड हैं। वह मार्च के आखिरी दिनों या अप्रैल के पहले हफ्ते शादी करने की प्लानिंग कर रहे हैं।' इस शादी में में उनके परिवार और दोस्त शामिल होंगे। सोर्स ने बताया है कि मुंबई में कपल फेरे लेगा। फिलहाल उसकी सभी रस्मों की तैयारी में वो जुटे हुए हैं। कृतिका और गौरव ने सभी फंक्शन्स के बारे में अभी कुछ फाइनल नहीं किया हैं कि वह क्या कुछ करेंगे। मगर वह मुंबई में इंडस्ट्री के लोगों को रिसेप्शन जरूर देंगे। बता दें कि कृतिका और गौरव ने दिसंबर, 2025 में अपना रिलेशनशिप ऑफिशियल किया था।

# जब अमिताभ को कहा गया थर्ड रेट एक्टर साधा विदेशी सोच पर निशाना

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए अपनी बात फैंस तक पहुंचाते हैं। साथ ही वह नियमित ब्लॉग भी लिखते हैं। हाल ही में अपने एक ब्लॉग में उन्होंने एक पुराना और बुरा अनुभव साझा किया। साथ ही भारत की अंडर-19 विश्वकप जीत के वक्त 'थर्ड वर्ल्ड कंट्री'वाले कमेंट को लेकर भी सफाई दी। ट्वीट करते हुए अमिताभ बच्चन ने लिखा था, 'अंडर-19 क्रिकेट इंडिया विश्व चैंपियन। दुश्मन को ठोक दिया। ब्लाइंड, महिला, पुरुष क्रिकेट, सभी विश्व चैंपियन। हम नंबर 1 हैं, शीर्ष पर है, विश्व में प्रथम हैं। हम तीसरे दर्जे के नहीं हैं, हम विश्व में प्रथम हैं। भारत माता की जय।'कई लोगों को अमिताभ बच्चन का 'तीसरे दर्जे के देश' वाली बात पसंद नहीं आई। इसी बात को लेकर अमिताभ ने एक ब्लॉग लिखकर पूरी कहानी साझा की है।



### पुराना अनुभव किया साझा

अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग में लिखा, 'मुझे एक देश (नाम नहीं बताऊंगा) में होने वाले फिल्म फेस्टिवल के लिए बुलाया गया था। प्लेन में मैंने उनका अखबार देखा, जिसमें मेरी एक फिल्म की तस्वीर थी। भाषा समझ में न आने पर मैंने एयर होस्टेस से पूछा कि क्या लिखा है। उसने कहा कि यह एक इंडियन फिल्म का पोस्टर है और अखबार में लिखा है कि इसका एक्टर देश में आ रहा है। मैं यह देखकर हैरान कि यह विदेशी देश हमारी फिल्मों से इतना प्रभावित कैसे और क्यों हो सकता है। लैंडिंग के बाद मुझे पता चला कि ऐसा क्यों था।'

### देश को तीसरे दर्जे का कहे जाने पर नाराज हुए

अमिताभ बच्चन अपने ब्लॉग में आखिरी में लिखते हैं, 'थर्ड रेट एक्टर वाली बात मैंने मान ली। लेकिन भारत को तीसरी दुनिया का देश कहा जाना मेरे लिए दुखद था। इसलिए मैं एक बार फिर अपनी बात को दोहरा रहा हूं। अंडर19 क्रिकेट इंडिया, वर्ल्ड चैंपियंस है। दुश्मन को हरा दिया है।' इस तरह अमिताभ बच्चन ने जता दिया कि क्यों उन्होंने 'थर्ड वर्ल्ड कंट्री' वाला कमेंट पहले किया था। उनकी मंशा किसी को आहत करने की नहीं थी। वह सिर्फ विदेशी लोगों की भारत को लेकर सोच को उजागर कर रहे थे। साथ ही उन्हें करारा जवाब भर दे रहे थे।

# आयुष्मान-सारा की पति पत्नी और वो दो की रिलीज डेट बदली

**मुंबई।** मुदस्सर अजीज के निर्देशन में बनी फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' की रिलीज डेट बदल गई है। अब इसके लिए दर्शकों को इंतजार करना पड़ेगा। इस साल रिलीज होने जा रही फिल्मों की रिलीज डेट में बदलाव का क्रम जारी है। बीते दिन अक्षय कुमार ने अपनी आगामी फिल्म 'भूत बंगला' की रिलीज डेट में बदलाव का एलान किया था। आज रविवार को आयुष्मान खुराना और सारा अली खान की फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' की रिलीज डेट भी बदलने की बात सामने आई है। फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' पहले होली के अवसर पर 4 मार्च को रिलीज होने वाली थी। मगर, अब यह फिल्म होली के मौके पर रंग नहीं जमाएगी, क्योंकि तारीख में बदलाव कर दिया गया है। दर्शकों के लिए इंतजार थोड़ा लंबा हो गया है। यह फिल्म अब गर्मियों में रिलीज होगी। बता दें कि ट्रेड विश्लेषक तरण आदर्श ने आज एक ट्वीट करके यह जानकारी दी है।



इसके मुताबिक फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' अब 15 मई को रिलीज होगी। फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' में आयुष्मान खुराना और सारा अली खान के अलावा रकुल प्रीत सिंह व वामिका गब्बी भी अहम भूमिका में हैं। दिलचस्प बात यह है कि पहले होली के अवसर पर रिलीज होने वाली यह फिल्म अब उस दिन रिलीज होगी, जिस दिन अक्षय कुमार की 'भूत बंगला' आने वाली थी। अक्षय की 'भूत बंगला' पहले 15 मई को रिलीज हो रही थी। मगर, बीते शनिवार अक्षय कुमार ने बताया कि यह फिल्म अब 10 अप्रैल को रिलीज हो रही है। ऐसे में अक्षय की फिल्म की जगह पर 'पति पत्नी और वो दो' के मेकर्स ने कब्जा कर लिया।

## याद आ जाएंगे रिलेशनशिप के शुरुआती दिन

# वैलेंटाइन वीक में अपने पार्टनर के साथ देखें ये 6 रोमांटिक वेब सीरीज

**नई दिल्ली।** वैलेंटाइन वीक प्यार और दोस्ती के लिए खास फेस्टिवल की तरह है। ये सात दिन का होता है, जो 7 फरवरी से 14 फरवरी तक चलता है। इस वीक में आप अपने खास लोगों से प्यार का इजहार कर सकते हैं। अगर आप लॉन्ग डिस्टेंस में हैं या आपके पास बाहर जाने का समय नहीं है, तो आप अपने पार्टनर के साथ घर बैठे इन 6 रोमांटिक वेब सीरीज का लुत्फ उठा सकते हैं। ये सीरीज देखकर आपको एक बार फिर अपने रिलेशनशिप के शुरुआती दिन याद आ जाएंगे।

### मिसमैच्ड

प्राजक्ता कोली और रोहित सर्राफ की 'मिसमैच्ड' सबसे चर्चित रोमांटिक सीरीज में से एक है। इसमें आपको कॉलेज की लव स्टोरी देखने को मिलती है। इस सीरीज में आपको प्यार, तकरार और फिर से प्यार कैसे होता है, ये देखने को मिलेगा। इसके 3 सीजन आ चुके हैं और जल्द ही चौथा सीजन भी आने वाला है। ये सीरीज नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।

### ब्रोकन बट ब्यूटीफुल

इस सीरीज में आपको दिवंगत एक्टर सिद्धार्थ शुक्ला की झलक देखने को मिलेगी। साथ ही सोनिया राठी और विक्रांत मैसी लीड रोल में हैं। इस सीरीज की कहानी काफी इमोशनल है। किरदारों की लव लाइफ में काफी अड़चनें आती हैं, लेकिन प्यार कैसे बरकार रहता है, ये आप इस सीरीज में देख पाएंगे। ये सीरीज आपको एमएक्स प्लेयर और अमेजन प्राइम पर मिल जाएगी।



**लिटिल थिंग्स** : 'लिटिल थिंग्स' साल 2016 में ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। सीरीज में मिथिला पालकर और ध्रुव सहगल नजर आएंगे। सीरीज की कहानी में 'ध्रुव' और 'काव्या' की लव स्टोरी को दिखाया गया है, जो कि लिव इन में रहते हैं। इसमें आपको एक लिव-इन कपल के बीच की नोक-झोंक और प्यार देखने को मिलेगा। अगर आप भी अपने पार्टनर के साथ लिव-इन में रहते हैं, तो ये सीरीज आपके लिए है।

### मॉडर्न लव मुंबई

मॉडर्न लव मुंबई में 6 अलग-अलग लव स्टोरीज दिखाई गईं हैं। सीरीज में फातिमा सना शेख, अरशद वारसी, प्रतीक गांधी और वामिका गब्बी अहम किरदार में नजर आएंगे। 'मॉडर्न लव' की खूबसूरती इसकी वैरायटी में है। यहां प्यार सिर्फ यंग कपल तक सीमित नहीं है। हर एक एपिसोड एक नयी कहानी है। ये 6 अनोखी कहानियां मॉडर्न प्यार और उसके महत्व पर आधारित हैं। इसे क्रिटिक्स से भी काफी सराहना मिली थी। इस सीरीज को आप अमेजन प्राइम पर देख सकते हैं।

### हॉस्टल डेज

इस सीरीज में आदर्श गौरव, एहसास चन्ना, निखिल विजय और आयुशी गुप्ता लीड रोल में हैं। इसमें रोमांस और कॉमेडी का शानदार बैलेंस है। अंकित और आकांक्षा की लव स्टोरी दर्शकों को कॉलेज के सुनहरे दिनों की याद दिलाती है। सीनियर्स की रैगिंग, पढ़ाई का दबाव और दोस्तों के साथ मस्ती इस सीरीज को और मजेदार बनाती है। अगर आप कॉलेज रोमांस और हॉस्टल लाइफ की मूवी या सीरीज पसंद करते हैं, तो यह सीरीज आपके लिए है। ये सीरीज आपको अमेजन प्राइम पर मिलेगी।

### फ्लेम्स

अमेजॉन प्राइम वीडियो की ये रोमांटिक सीरीज आपको अपने ट्यूशन के दिनों की याद दिला देगी। इस सीरीज में ऋत्विक साहोरे और तान्या मानिकतला अहम किरदार में हैं। किस तरह से ट्यूशन के टाइम पर प्यार और दोस्ती होती है। कैसे आप छुप-छुपकर अपने पार्टनर और दोस्तों से मिलते है, ये सब आपको इस सीरीज में देखने को मिलेगा।

